न्यायालय उपखण्ड अधिकारी एवं सहायक कलेक्टर फूलियाकलां जिला भीलवाडा
पीठासीन अधिकारी— श्री मनमोहन व्यास, आर.ए.एस.

प्रकरण सं0 —	तारीख दायर	तारीख फैसला
266 / 2017 / प्रार्थना पत्र	06.09.2017	22.09.2017

उनवान

गीतादेवी पत्नि रामलाल कुम्हार निवासी ढ़ोकलिया तह0 फूलियाकलां

— प्रार्थिया

बनाम

1— छीतरसिंह पिता शम्भुसिंह राजपूत निवासी ढ़ोकलिया तह0 फूलियाकलां
2— सुखेदव पिता उगमा गुर्जर निवासी ढ़ोकलिया तह0 फूलियाकलां
3— तहसीलदार, फूलियाकलां

— विपक्षीगण

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा— 128 एल0आर0एक्ट

उपस्थित :— श्रीमती मदीना बानू : अधिवक्ता प्रार्थिया

निर्णय

प्रार्थिया ने प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा— 128 एल0आर0एक्ट विरूद्व विपक्षीगण के प्रस्तुत किया जिसके संक्षेप में तथ्य इस प्रकार से है, ग्राम ढ़ोकलिया पटवार हल्का डेलास तहसील फूलियाकलां मे प्रार्थिया की खातेदारी अधिकार की खाता संख्या 85 आ0न0 297 रकबा 0.81 है, आ0न0 718 / 301 रकबा 0.44 है0 कुल किता 02 रकबा 1.25 है0 स्थित है। पेरा नं0 1 मे वर्णित आराजीयात की सीमाओं के विपक्षी नं0 1 व 2 पड़ोसी होने से आये दिन फसल काश्त करते समय व फसल काटते समय मौके पर विवाद करते है।अतः निवेदन है कि पैरा नं0 1 मे वर्णित आराजी की मुस्तकिल निशान से पत्थरगढ़ी किये जाने का आदेश बक्षाते हुए प्रार्थिया की चारों सीमाओं पर मुस्तकिल निशान लगाये जाना का आदेश बक्षावे।

प्रकरण पंजीबद्व किया जाकर विपक्षीगणों को जरिये सम्मन तलब किया गया। दिनांक 22.09.2017 को विपक्षीगण 1 लगायत 3 के सम्मन बाद तामील प्राप्त हो जाने पर भी दिनांक 22.09.2017 को उपस्थित नही होने से उनके विरूद्व एक तरफा कार्यवाही की जाकर बहस अभिभाषक प्रार्थिया सुनी गई। बहस मे अभिभाषक प्रार्थिया ने प्रार्थना पत्र मे अंकित तथ्यों एवं दस्तावेजात के आधार पर प्रार्थना पत्र स्वीकार किये जाने हेतु निवेदन

मि

किया। बहस पर मनन एवं दस्तावेज का अवलोकन किया गया। जमाबन्दी ग्राम ढोकलिया पटवार मण्डल डेलास संवत 2071 से 74 खाता संख्या 85 आ0न0 297 रकबा 0.81 है, आ0न0 718/301 रकबा 0.44 है0 कुल किता 02 रकबा 1.25 है0 की प्रार्थिया खातेदार काश्तकार दर्ज रेकार्ड है अतः उक्त आराजी की पत्थरगढ़ी के आदेश दिया जाना उचित समझता हूँ :–

आदेश

प्रार्थिया द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 128 एल0आर0एक्ट विरूद्व विपक्षीगण के आंशिक स्वीकार किया जाकर बाके ग्राम ढ़ोकलिया पटवार हल्का डेलास तहसील फूलियाकलां मे प्रार्थिया के खातेदारी अधिकार की खाता संख्या 85 आ0न0 297 रकबा 0.81 है, आ0न0 718/301 रकबा 0.44 है0 कुल किता 02 रकबा 1.25 है0 की प्रार्थिया के खातेदारी की पत्थरगढ़ी अन्य किसी न्यायालय मे प्रकरण जैरकार होकर स्थगन आदेश आदि न हो तो पक्षकारान की मौजूदगी मे ऑफ सीजन मे पत्थरगढ़ी किये जाने हेतु तहसीलदार फूलियाकलां को 500/– (अक्षरे पॉच सौ रूपये मात्र) की कमीशन राशि पर कमिश्नर नियुक्त किया जाता है। कमीशन राशि मौके पर प्रार्थी से प्राप्त करे। निर्णय प्रति पालनार्थ तहसीलदार फूलियाकलां को भेजी जावे। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो।

आदेश आज दिनांक 22.09.2017 को विवृत न्यायालय मे सुनाया गया।

(मनमोहन व्यास)
आर0ए0एस0
उपखण्ड अधिकारी एवं
सहायक कलक्टर, फूलियाकलां (भीलवाडा)

उपखण्ड अधिकारी एवं

प्रतिलिपि :– तहसीलदार, फूलियाकलां पास भेजकर लेख है कि मुताबिक आदेश पक्षकारान की मौजूदगी मे नियमानुसार पत्थरगढ़ी की जाकर पालना रिपोर्ट शीघ्र भिजावे।

उपखण्ड अधिकारी एवं
सहायक कलक्टर, फूलियाकलां (भीलवाडा)

उपखण्ड अधिकारी एवं
सहायक कलक्टर
फूलिया कलॉ,जिला–भीलवाड़ा